अनुक्रमांक ........................

कोड नं० – S8HN703

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग

# सत्रांत परीक्षा, 2018-19

कक्षा – VII

हिन्दी

2654

क्र. सं. ____________

समय – 2½ घंटे ] [ पूर्णांक – 80

निर्देश –

(i) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं – क , ख, ग और घ ।

(ii) सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें ।

(iii) कुल दस प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(iv) सुलेख एवं शुद्धता पर विशेष ध्यान दें ।

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को सावधानीपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए –

परिश्रम को सफलता की कुंजी माना गया है । जीवन में सफलता पुरुषार्थ से ही प्राप्त होती है । कहा भी है-उद्योगी सिंह पुरुष को लक्ष्मी वरण करती है । जो भाग्यवादी हैं उन्हें कुछ नहीं मिलता । वे हाथ पर हाथ धरे रह जाते हैं । अवसर उनके सामने से निकल जाता है । भाग्य कठिन परिश्रम का ही दूसरा नाम है । प्रकृति को ही देखिए । सारे जड़-चेतन अपने कार्य में लगे रहते हैं । चींटी को भी पल-भर चैन नहीं । मधुमक्खी जाने कितनी लंबी यात्रा कर बूंद-बूंद कर मधु जुटाती है । मुरगे को सुबह बांग लगानी ही है । फिर मनुष्य को बुद्धि मिली है, विवेक मिला है । वह निठल्ला बैठे तो सफलता की कामना करना व्यर्थ है ।

(i) इस अनुच्छेद का एक शीर्षक दीजिए । 1

(ii) 'हाथ पर हाथ धरने' का आशय क्या है ? 1

(iii) लक्ष्मी किसे कहते हैं ? 2

(iv) चींटी और मधुमक्खी में क्या समानता है ? 2

(v) 'व्यर्थ' का अर्थ लिखिए । 2

2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को सावधानीपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए –

Turn Over

Scanned by CamScanner

मैंने देखा-
एक बड़ा बरगद का पेड़ खड़ा है
उसके नीचे कुछ छोटे-छोटे पौधे
बड़े सुशील विनम्र
देखकर मुझको यों बोले-
हम भी कितने खुशकिस्मत हैं
जो खतरों का नहीं सामना करते
आसमान से पानी बरसे, आंधी गरजे
बिजली कड़के, आगी बरसे
हमको कोई फिक्र नहीं है
एक बड़े की वरद छत्रछाया के नीचे
हम अपने दिन बिता रहे हैं
बड़े सुखी हैं।

(i) छोटे पौधों का स्वभाव कैसा है ? 1

(ii) 'खुशकिस्मत' का विलोम लिखिए। 1

(iii) इस पद्यांश का एक शीर्षक दीजिए। 1

(iv) किसकी छत्रछाया वरदान जैसी है ? 2

(v) सुख पाने का क्या तरीका बताया गया है ? 2

## खण्ड-ख

(i) निम्नलिखित समस्त-पदों में से किन्हीं दो का विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए- $1 \times 2 = 2$

सुख-दुख, माता-पिता, लाभ-हानि

(ii) 'पर' का प्रयोग कर ऐसे तीन वाक्य बनाइए जिनमें अलग-अलग अर्थों के लिए 'पर' के प्रयोग हुए हों। $1 \times 3 = 3$

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो का दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- $1 \times 2 = 2$

जल, फूल, आग

(iv) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो का वाक्य में प्रयोग कीजिए- $1 \times 2 = 2$

नौ दो ग्यारह होना, चकमा देना, पेट में चूहे दौड़ना

Scanned by CamScanner

(v) नीचे दिए गए शब्दों में से किन्हीं दो का संधि-विच्छेद कीजिए- $1 \times 2 = 2$
सिंहासन, नीलाभ, नवागंतुक

(vi) 'गंध' शब्द से सुगंध, दुर्गंध, गंधहीन आदि शब्द बनते हैं। इसी प्रकार 'रंग' शब्द से दो शब्द बनाइए। 1

(vii) नीचे लिखे शब्दों में से किसी एक का मूलशब्द और प्रत्यय अलग कीजिए- 1
प्रमाणित, शिक्षित

## खण्ड-ग

4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को सावधानीपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए-

शरीर में हर समय नए कण बनते रहते हैं, जो नष्ट कणों का स्थान ले लेते हैं। हड्डियों के बीच के भाग मज्जा में ऐसे बहुत से कारखाने होते हैं जो रक्त कणों के निर्माण कार्य में लगे रहते हैं। इनके लिए इन कारखानों को प्रोटीन, लौहतत्व और विटामिन रूपी कच्चे माल की जरूरत होती है। यह पौष्टिक आहार लेते हो ? हरी सब्जी, फल, दूध, अण्डा और गोश्त में ये तत्व उपयुक्त मात्रा में होते हैं। यदि कोई व्यक्ति उचित आहार ग्रहण नहीं करता तो इन कारखानों को आवश्यकतानुसार कच्चा माल नहीं मिल पाता। नतीजा यह होता है कि रक्त-कण बन नहीं पाते, रक्त में इनकी कमी हो जाती है। लाल कणों की इसी कमी को एनीमिया कहते हैं।

(i) रक्त कणों का निर्माण कहाँ और कैसे होता है ? 1

(ii) हड्डियों के बीच मज्जा के कारखानों में निरंतर रक्तकणों का निर्माण क्यों होता है ? 2

(iii) रक्त में लाल कणों की कमी से कौन-सी बीमारी हो जाती है ? 2

5. निम्नलिखित पठित काव्यांश को सावधानीपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए-

जागो बंसीवारे ललना
जागो मोरे प्यारे
रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे।
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे।
उठो लालजी भोर भयो है, सुर-नर ठाढ़े द्वारे।
ग्वाल-बाल सब करत कोलाहल, जय-जय सबद उचारै।
माखन-रोटी हाथ मंह लीनीं, गउवन के रखवारे।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयां को तारै।

(i) इस काव्यांश में किस समय की बात की गई है ? 1

(ii) मीरा कृष्ण को क्यों उठाना चाहती है ? 2

(iii) कृष्ण को जगाने हेतु द्वार पर कौन-कौन खड़े थे ? 2



Scanned by CamScanner

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **सात** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए - $2 \times 7 = 14$

(i) यासुकी चान जैसे शारीरिक चुनौतियों से गुजरने वाले व्यक्तियों के लिए किस प्रकार की सुविधाएँ होनी चाहिए ?

(ii) माँ अप्पू को अत्यधिक प्रेम क्यों करती थी ? फीस के पैसों से कंचे खरीदने पर भी माँ ने उसे क्यों नहीं डाँटा ?

(iii) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई ?

(iv) खानपान की मिश्रित संस्कृति के प्रति हमारा क्या कर्तव्य बनता है ?

(v) वसंत ऋतु में नीलकंठ के लिए जालीघर में बंद रहना असहनीय क्यों हो जाता था ?

(vi) वीर कुंवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन-कौन सी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया ?

(vii) किन विशेषताओं के कारण हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल माना जाता है ?

(viii) 'विप्लव-गायन' कविता हमें क्या संदेश देती है ?

7. बाल महाभारत पाठ्यपुस्तक के आधार पर किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए -

(i) देवव्रत किस प्रतिज्ञा के कारण भीष्म कहलाए ? $2 \times 4 = 8$

(ii) अर्जुन ने क्या कहकर राजा विराट का विवाह प्रस्ताव ठुकरा दिया ?

(iii) अभिमन्यु के मृत्यु के बाद अर्जुन ने क्या प्रतिज्ञा की ?

(iv) यदि तुम युधिष्ठिर के जगह होते, तो यक्ष के प्रश्नों के उत्तर क्या देते ?

(v) तुम्हारे विचार से महाभारत के युद्ध को कौन रुकवा सकता था और कैसे ?

## खण्ड-घ

8. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए - 10

(क) प्रदूषण (ख) प्रिय शिक्षक (ग) प्रिय खेल

9. अपने विद्यालय के प्राचार्य महोदय के पास पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि विद्यालय में क्रिकेट खेल का भी प्रबंध करवाया जाए। 5

**अथवा**

माताजी को पत्र लिखकर बताइए कि आप छात्रावास में बहुत खुश है और पढ़ाई-लिखाई सुचारू ढंग से चल रही है।

10. चॉक का ब्लैक बोर्ड से संवाद लगभग 150 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

कलम का कॉपी से संवाद लगभग 150 शब्दों में लिखिए।

***

Scanned by CamScanner